राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राजभवन में छत्रपति संभाजी महाराज जयंती समारोह आयोजित

## राज्यपाल श्री बागडे ने अश्व सवार छत्रपति संभाजी महाराज की प्रतिमा और शोभायात्रा का अभिनंदन किया

## छत्रपति संभाजी महाराज ने राष्ट्र के स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया– राज्यपाल

जयपुर, 13 मई। राजभवन में मंगलवार को छत्रपति संभाजी महाराज जयंती उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान नासिक से आई उनकी अश्व सवार भव्य प्रतिमा और शोभायात्रा का भाव भरा अभिनंदन किया। दिल्ली में जन्म जयंती मनाने के अंतर्गत मंगलवार को छत्रपति संभाजी महाराज की अश्व सवार प्रतिमा संग शोभा यात्रा राजभवन पहुंची थी।

राज्यपाल श्री बागडे ने शोभायात्रा का अभिनंदन करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उनकी प्रतिमा की राजभवन में विधिवत पूजा अर्चना की और कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज धर्माभिमानी थे। उन्होंने औरंगजेब के जुल्म सहे परन्तु राष्ट्र के स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया।

राज्यपाल ने छत्रपति संभाजी महाराज को देश धर्म पर मिटने वाला बताते हुए कहा कि उनका समग्र व्यक्तित्व प्रेरणा देने वाला है। वह शिवा का छावा थे। राष्ट्र के गौरव और औरंगजेब द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रलोभन अस्वीकार कर उन्होंने अपने प्राण देश और धर्म पर न्योछावर कर दिए।

इससे पहले नासिक से शोभायात्रा राजभवन पहुंचने पर उनकी भावभीनी अगवानी की गई।

————





